# विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)

## SCIENCE & ENGINEERING RESEARCH BOARD

(A Statutory body of Department of Science and Technology, Govt. of India)

(File No. SERB/ Rectt. /02/2023)

## विज्ञापन सूचना क्रमांक 02/2023

विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), जोकि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक 'जी' | (₹144200-218200) पे मैट्रिक्स में लेवल-14 | 02 | प्रतिनियुक्ति आधार |

2. **वैज्ञानिक 'जी' पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएँ:**

**(क)** सीधी भर्ती वैज्ञानिक 'जी' के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं -

(क) अनिवार्य:

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री या इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या आयुर्विज्ञान में मास्टर डिग्री या समकक्ष।

(ii) औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों या वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास कार्य का पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें से सात वर्ष का अनुभव विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के प्रशासन, नियोजन, विकास और सहयोग में हो;

(iii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम को तैयार करने, उसके प्रबंधन और निर्देशन का अनुभव; और

(iv) उच्च स्तर का प्रकाशित शोध कार्य।

नोट: अनिवार्य योग्यताएं प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि को अनुभव में नहीं गिना जाएगा। हालाँकि, ऐसे मामलों में जहां डॉक्टरेट की डिग्री अनिवार्य योग्यता नहीं है, किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि, जो अधिकतम चार वर्ष हो सकती है, और किसी विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान में, अधिकतम तीन वर्षों के अधीन, पोस्ट

डॉक्टरेट अनुसंधान पर व्यतीत की गई अवधि, जोकि उस विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा और किसी प्रतिष्ठित पत्र में अनुसंधान कार्य के प्रकाशन के प्रमाणन से यथासिद्ध हो, उस अवधि को अनुभव के रूप में गिना जाएगा।

वांछनीय:

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान या इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या आयुर्विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री, जैसा कि ऐसे विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाणन और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य के प्रकाशन से प्रमाणित हो।

**(ख)** ग्रेड जिनसे प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) की जानी है (वैज्ञानिक 'जी')।

भारत में केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या वैधानिक या स्वायत्त संगठनों में काम करने वाले वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद् :

(क) (i) नियमित आधार पर समनुरूप पद धारण करते हों; या

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (₹131100-216600) में लेवल-13ए (पूर्व-संशोधित पीबी-4 ₹37400-67000 + जीपी ₹8900/-) में नियुक्ति के उपरांत नियमित आधार पर विवेच्य ग्रेड में दो साल की नियमित सेवा सहित हों।

(iii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (₹123100-215900) में लेवल-13 (पूर्व-संशोधित पीबी-4 ₹37400-67000 + जीपी ₹8700/-) में नियुक्ति के उपरांत नियमित आधार पर विवेच्य ग्रेड में चार साल की नियमित सेवा सहित हों।

(ख) **उपरोक्त क्रमांक 2(क)**(क) **के अंतर्गत सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखते हों**।

नोट-1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या कुछ अन्य संगठनों या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से साल-दर-साल आधार पर अधिकतम 5 वर्षों के अधीन आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

नोट-2: फीडर श्रेणी के विभागीय उम्मीदवार, जोकि सुनम्य पूरक योजना (एफसीएस) के अंतर्गत *स्वस्थाने* पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, उस पूर्व कैडर पद को छोड़कर जिसके लिए वे फीडर ग्रेड अधिकारी नहीं हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचारार्थ पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पद वाले **एफसीएस** के अंतर्गत *स्वस्थाने* पदोन्नति के लिए विचारार्थ पात्र नहीं होंगे।

नोट-3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को **56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।**

## सामान्य निर्देश

1. भरे जाने वाले पदों की संख्या भिन्न हो सकती है। **बोर्ड मुख्य सूची या प्रतीक्षा सूची में अनुशंसित उम्मीदवारों के पैनल की वैधता तिथि तक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत इस विज्ञापन के बाद उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।** बोर्ड बिना कोई कारण बताए भर्ती रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

2. (i) निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और उनको धारण करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते।
   (ii) बोर्ड एक अच्छी तरह से परिभाषित मानदंड के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया के माध्यम से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को एक उचितसीमा तक सीमित कर सकता है, जिसमें बोर्ड की आवश्यकता और उद्देश्य के अनुसार अधिसूचित विनियमों में निर्धारित वांछनीय योग्यताएं और अनुभव अथवा उभरते क्षेत्रों में योग्यताएं / अनुभव का होना शामिल है।
   (iii) साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग के लिए आवेदक के जीवनवृत्त (सीवी) की जांच सक्षम समितियों द्वारा की जाएगी और चयन एसईआरबी की आवश्यकता और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बेहतर उम्मीदवार की उपयुक्तता और उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।

**3. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों में से उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार किया जाएगा जो परिणाम घोषित होने की तिथि से 12 माह (1 वर्ष) तक वैध रहेगा। पैनल का उपयोग पैनल की वैधता की तारीख तक अधिसूचित रिक्तियों (जिनमें एसईआरबी वैज्ञानिकों के इस्तीफे/प्रत्यावर्तन या उच्च पदों के लिए एसईआरबी वैज्ञानिकों के चयन के कारण उत्पन्न होने वाली रिक्तियां शामिल हैं) को भरने के लिए किया जा सकता है।** जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं किया गया है, उनके किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। **किसी भी रूप में की गयी सिफारिश से उम्मीदवारी अयोग्य हो जाएगी।**

4. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को रेलवे टिकट प्रस्तुत करने पर वर्तमान निवास स्थान/कार्यस्थल से देश के भीतर आने-जाने के लिए लघुतम मार्ग के सेकेंड एसी रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा।

5. चयनित उम्मीदवारों को भारत और बाहर कहीं भी सेवा करनी पड़ सकती है।

6. **आवेदन कैसे करें:**

   (i) आवेदन नीचे दिए गए अनुलग्नक के अनुसार, निर्धारित प्रारूप में मोटे सादे कागज (ए-4 आकार 210 x 297 मिमी) पर साफ-सुथरे टाइप किए जाने चाहिए।

   (ii) आवेदकों को अनिवार्यत: केंद्र/राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों/वैधानिक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, या केंद्र/राज्य सरकारों के अनुसंधान संस्थानों आदि का कर्मचारी होना चाहिए। उम्मीदवारों को आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर सक्षम

प्राधिकारी से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से आवेदन करना होगा। **आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(iii) आवश्यक/शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि, अनुभव, यदि कोई हो, आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां, आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(iv) पूरी तरह से भरे हुए आवेदन, पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक लिफ़ाफ़े में, जिस के ऊपर "वैज्ञानिक 'जी' के पद के लिए आवेदन" लिखा हो, एम्प्लायमेन्ट न्यूज (अंग्रेजी संस्करण) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के अंदर निदेशक, विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, चौथी मंजिल, ब्लॉक- II, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली -110 016 के पास भेजे जाने चाहिए। (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, लाहौल और स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उपमंडल, केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लोगों के लिए ये आवेदन एम्पलॉयमेंट न्यूज (अंग्रेजी संस्करण) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के अंदर अवश्य पहुँच जाने चाहिए।

(v) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या किसी भी संबंध में अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर ही रद्द किया जा सकता है। अंतिम तिथि से पहले पोस्ट किए जाने पर भी आवेदनों की डिलीवरी में डाक विभाग की ओर से किसी भी देरी के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदन की ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) **सभी आवश्यक दस्तावेजों यानी कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस, पिछले पांच वर्षों के एपीएआर की प्रतियां, आदि और नियोक्ता से प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन ऊपर पैरा (v) में दिए गए पते पर आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को या उससे पहले उचित माध्यम से एसईआरबी को भेजा जाएगा।**

**7. प्रतिनियुक्ति हेतु आयु सीमा** –

| पोस्ट की श्रेणी | आयु सीमा |
|---|---|
| वैज्ञानिक 'जी' | 56 वर्ष |

**टिप्पणी: आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी** (न कि दूरदराज के क्षेत्रों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि)।

8. **पात्रताएं और भत्ते:**

**प्रतिनियुक्ति:** केंद्र सरकार के नियमों/एसईआरबी के भर्ती नियमों के अनुसार।

9. **आरक्षण मानदंड:** चूंकि पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना आवश्यक है, इसलिए केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण लागू नहीं है।

10. **<u>कृपया ध्यान दें:</u>**

**(i) विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के अंतर्गत नहीं आते हैं। हालाँकि, जहां तक चिकित्सा सुविधाओं का संबंध है, एसईआरबी के अधिकारी एसईआरबी के विनियमों द्वारा शासित होंगे।**

**(ii) विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय के सामान्य पूल आवासीय आवास से आवासीय आवास के आवंटन के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, एसईआरबी के अधिकारी/कर्मचारी एसईआरबी के विनियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार मकान किराया भत्ते के हकदार होंगे।**

***

## आवेदन का प्रारूप

| डायरी नंबर | | 2023 |
|---|---|---|

*(कार्यालय के उपयोग के लिए)*

पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लगाएं (तीन महीने से अधिक पुराना नहीं)

1. पद जिसके लिए आवेदन किया है : ....................................................................................

2. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ....................................................................................

3. माता/पिता/पति/पत्नी का नाम : ....................................................................................

4. (क) जन्म की तारीख : दिन ................ माह ................ वर्ष ..................

(ख) अंतिम तिथि को आयु : वर्ष ................ माह ................ दिन ..................

(ग) सेवानिवृत्ति की तारीख :

5. शैक्षिक योग्यताएं :

(मैट्रिक के बाद से कालानुक्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| **क्र.सं.** | **उत्तीर्ण परीक्षा** | **विश्वविद्यालय/ संस्थान/ बोर्ड** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **मुख्य विषय** | **विशेषज्ञता का विषय** | **श्रेणी/वर्ग/ अंकों का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

6. रोजगार का विवरण:

(पहली नौकरी से शुरू करके
कालानुक्रम में विवरण)
(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| क्र.सं. | नियोक्ता / संस्थान का नाम और पता | धारित पद / अध्येतावृत्ति / एसोसिएटशिप | नियमित/ तदर्थ/ अस्थायी | ऐसे रोजगार की कुल अवधि | | | वेतनमान (संशोधित / पूर्व संशोधित) | दायित्वों का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | कुल अवधि (वर्षों, महीनों और दिनों में) | | |
| | | | | | | | | |

7. अनिवार्य योग्यता के बाद कुल अनुभव वर्षों में :

8. शोध कार्य / अनुभव का विवरण, यदि कोई हों:
(अनुलग्नक, यदि कोई हों, 200 शब्दों से अधिक नहीं
होना चाहिए)

9. विशेषज्ञता :
(पद के लिए वांछित अनुभव के संदर्भ में)

10. व्यावसायिक प्रशिक्षण:

| क्र.सं. | संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का ब्योरा |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |

11. वर्तमान रोजगार की स्थिति:

| केंद्र सरकार | राज्य सरकार | केंद्र / राज्य सरकारें | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वायत्त निकाय / वैधानिक निकाय | सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम | विश्वविद्यालय, शैक्षणिक या अनुसंधान संस्थान | अन्य |
| | | | | | |

12. (i) पत्राचार के लिए पता
(स्पष्ट अक्षरों में)

(ii) टेलीफोन नंबर (क) कार्यालय:____________________

(ख) निवास:____________________

(iii) ईमेल पता____________________________________________

13. निकटतम रेलवे स्टेशन:

14. वर्तमान वेतन (संशोधित/पूर्व-संशोधित)

(i) लेवल एवं वेतन मैट्रिक्स/
वेतन बैंड + ग्रेड वेतन ..................................................

(ii) मूल वेतन
(पे मैट्रिक्स में वेतन / ..................................................
पीबी+जीपी में वेतन)

(iii) अन्य भत्ते
(एचआरए को छोड़कर) ..................................................

(iv) कुल वेतन
[(ii) + (iii)] ....................................................

15. (i) वह सेवा जिससे उम्मीदवार संबंधित है:

(ii) फोन नंबर के साथ कैडर प्राधिकारी का पूरा पता:

16. स्थायी पता:
(स्पष्ट अक्षरों में)

पिन कोड:

टेलीफ़ोन नंबर:
लैंडलाइन (कोड के साथ) : ____________
मोबाइल नंबर: ________________________

17. कोई अन्य जानकारी जो आप जोड़ना चाहें:
[ जैसे प्रकाशनों की सूची, विद्वत सोसायटियों की सदस्यता, पुरस्कार और मान्यता, आदि (संक्षेप में) ]

18. संलग्नकों का विवरण

19. घोषणा:-

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि जहां तक मुझे जानकारी और विश्वास है, उपरोक्त सूचना सही और पूर्ण है और कुछ भी छुपाया नहीं है / तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय ऐसा पाया जाता है कि मैंने कोई सूचना छिपाई है या तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत की है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस/मुआवजे के तुरंत समाप्त की जा सकती है।

**स्थान:** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**
**तारीख:**

**नियोक्ता/संगठन प्रमुख/कार्यालय/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र:**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उनके पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है। चयनित होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है;
(ii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है;
(iii) अधिकारी के पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की सत्यापित प्रतियां संलग्न हैं;
(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगायी गयी है।
(v) कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक पर विचार किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान:
दिनांक:

हस्ताक्षर:
नाम और पदनाम:
टेलीफोन:

संलग्नकों की सूची:

कार्यालय की मुहर:

***